# दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष–0771–2523753, फैक्स . 2884300, वेबसाइट–www.durgacollege.in
ई–मेल principal@durgacollege.in, info@durgacollege.in, enquiry@durgacollege.in


क्रमांक IQAC/2023

दिनांक- 27-07-2023

## आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ I.Q.A.C. की बैठक
## दिनांक 24.07.2021 का कार्यवाही विवरण

बैठक में निम्नलिखित सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति रही –

1. डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार (प्राचार्य)
2. डॉ. सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल (उप–प्राचार्य)
3. श्री राजीव श्रीवास्तव
4. श्रीमती शताब्दी पाण्डेय
5. श्री विजय संघोई
6. डॉ. पूर्णिमा शुक्ला
7. डॉ. दीपाली शर्मा
8. डॉ. रंजना शर्मा
9. डॉ. प्रगति दुबे
10. डॉ. विभा दुबे
11. सुश्री कविता भारती
12. श्री रविन्द्र राजपूत
13. कु. श्रुति राय
14. श्री पी.के. वर्मा
15. डॉ. सुभाष चन्द्राकर (समन्वयक)

कार्यसूची क्रमांक – 01 – समन्वयक आई.क्यू.ए.सी. द्वारा महाविद्यालय में 02 स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया।

निर्णय – समस्त सदस्यों की सहमति प्राप्त हुई. आवश्यक कार्यवाही प्राचार्य महोदया के द्वारा की जावेगी। सदस्य (उद्योग जगत) श्री विजय संघोई ने दोनो स्मार्ट क्लास में लगने वाले लाइट सिस्टम का व्यय वहन करने की इच्छा व्यक्त की. सभी सदस्यों ने इसका स्वागत किया।

कार्यसूची क्रमांक – 02 – महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने हेतु 02 बजे के बाद एक कक्ष के उपयोग एवं आवश्यक साधन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया।

निर्णय – सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकार किया गया व श्री राजीव श्रीवास्तव द्वारा पी.एस.सी. एवं अन्य परीक्षाओं में चयनित पूर्व छात्रों को भी जोड़ने का सुझाव दिया गया जिसे स्वीकार किया गया।

# दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष–0771–2523753, फैक्स . 2884300, वेबसाइट–www.durgacollege.in
ई–मेल principal@durgacollege.in, info@durgacollege.in, enquiry@durgacollege.in


दिनांक-......................

कमांक --------------------

| | | |
|---|---|---|
| कार्यसूची कमांक – 03 | – | महाविद्यालय में अध्यापको / कर्मचारियों / छात्र–छात्राओं के सर्वागीण विकास हेतु किसी कक्ष में योग / ध्यान कक्ष प्रारंभ करने का प्रस्ताव। |
| निर्णय | – | सर्वसम्मती से प्रस्ताव स्वीकृत। |
| कार्यसूची कमांक – 04 | – | स्नातक / स्नातकोत्तर विभागों द्वारा परिषद का गठन कर व्याख्यान माला, क्विज, परिचर्चा, वाद–विवाद, भाषण, युवा संसद आदि विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया जावे। |
| निर्णय | – | प्रस्ताव स्वीकृत, सदस्य श्रीमती शताब्दी पाण्डेय द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रतिभावन पूर्व छात्रों को परिषद में मेंटर के रूप में सम्मिलित किया जाना चाहिए, इसका सभी सदस्यों ने स्वागत किया। |
| कार्यसूची कमांक – 05 | – | आईक्यूएसी द्वारा 02 फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यकम आयोजित करने की अनुमति मांगी गयी। |
| निर्णय | – | प्रस्ताव स्वीकृत। |
| कार्यसूची कमांक – 06 | – | महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा परिसर के आस–पास की शिक्षण संस्था / बस्ती आदि में सामाजिक दायित्व संबंधी कार्यकम आयोजन का प्रस्ताव। |
| निर्णय | – | सर्वसम्मती से प्रस्ताव स्वीकृत। |
| कार्यसूची कमांक – 07 | – | महाविद्यालय के अध्यापकों (धारा–28 एवं संविदा) को वर्ष में एक बार यू.जी.सी. केयर में सूचिबद्ध शोध पत्रिका में शोध पत्र प्रकाशन हेतु प्रोत्सहन स्वरूप आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। |
| निर्णय | – | प्राचार्य महोदया द्वारा इस दिशा में प्रयास करने का आश्वासन दिया गया। |

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय–

1. छात्रा सदस्य कु. श्रुति राय ने महाविद्यालय में खेल सुविधाओं में वृद्धि का प्रस्ताव रखा, श्री राजीव श्रीवास्तव ने खिलाडियों के प्रशिक्षण हेतु खेल संचालनालय छ.ग. शासन से मदद मांगने हेतु तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष–0771–2523753, फैक्स . 2884300, वेबसाइट–www.durgacollege.in
ई–मेल principal@durgacollege.in, info@durgacollege.in, enquiry@durgacollege.in


क्रमांक --------------------

दिनांक-......................

2. श्रीमती शताब्दी पाण्डेय ने छात्र छात्राओं को वोकेशनल कार्यक्रम से जोडने हेतु मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना की मदद प्राप्त करने का सुझाव रखा।
3. कु. श्रुति राय एवं श्रीमती शताब्दी पाण्डेय द्वारा छात्र–छात्राओं के विकास हेतु कंटेंट राईटिंग, वाद–विवाद, भाषण आदि पर प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की।

अंत में प्राचार्य महोदया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

समन्वयक
आई.क्यू.ए.सी.
दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर

अध्यक्ष / प्राचार्य
आई.क्यू.ए.सी.
दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर

PRINCIPAL
DURGA MAHAVIDYALAYA
RAIPUR (C.G.)